बीएसएफ अधिकारियों व जवानों से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली

श्रीगंगानगर, (कासं)। सीमावर्ती क्षेत्र में हाई अलर्ट के मद्देनजर बीकानेर संभागीय आयुक्त डॉ. रवि सूरपुर और आई.जी. ओमप्रकाश गुरूवार रात को जिले के श्रीकरणपुर क्षेत्र में पहुंचे। यहां देर रात बीएसएफ अधिकारियों और जवानों से मुलाकात करने के बाद शुक्रवार को संभागीय आयुक्त ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस महानिरीक्षक ने भी पुलिस पब्लिक पंचायत को संबोधित किया।

संभागीय आयुक्त और पुलिस महानिरीक्षक देर रात सीमावर्ती गांव शेखसरपाल स्थित बीओपी पहुंचे। यहां उन्होंने बीएसएफ अधिकारियों और जवानों से मुलाकात करने के बाद वस्तु स्थिति की जानकारी ली। शुक्रवार को संभागीय आयुक्त ने नगर पालिका सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर समर्थन मूल्य पर कृषि जिंसों की खरीद, हीटवेव के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, बिजली, सिंचाई पानी की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक मुद्दों पर चर्चा की।

विभागीय अधिकारियों से योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी लेकर उन्हें निर्देशित किया कि राजस्व प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता से करें। गांवों में राजस्व शिविर लगाये जायें।

बैठक में संभागीय आयुक्त ने कहा कि एसडीएम कोर्ट में लम्बित प्रकरणों का निस्तारण जल्द करें। सीमाज्ञान और म्यूटेशन प्रकरणों में भी आवश्यक कार्यवाही की जाये। समर्थन मूल्यों पर कृषि जिंसों की खरीद, उठाव और भुगतान व्यवस्था की जानकारी लेकर उन्होंने कहा कि बुवाई से पूर्व कृषि विभाग आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें। पंचायती राज, शिक्षा, महिला बाल विकास, डिस्कॉम, सिंचाई सहित विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर उन्होंने कहा कि नहरबंदी के मद्देनजर पेयजल का उपयोग सिंचाई में नहीं होना चाहिए। नगरीय निकाय योजनाओं की समीक्षा करते हुए हरियालो राजस्थान के तहत अधिकाधिक पौधारोपण हेतु आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एडीएम (प्रशासन) सुभाष कुमार, करणपुर एसडीएम श्योराम, ईओ संदीप बिश्नोई, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित अन्य मौजूद थे। इसके बाद संभागीय आयुक्त ने नगर पालिका, उपखण्ड कार्यालय, पुलिस थाने का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस थाना निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक भी मौजूद थे।

गंगानगर सीमावर्ती क्षेत्र में हाई अलर्ट के मद्देनजर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संभागीय आयुक्त डॉ रवि कुमार सूरपुर ने संबोधित किया।

- समर्थन मूल्य पर कृषि जिंसों की खरीद, हीटवेव के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, बिजली, सिंचाई पानी की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक मुद्दों पर चर्चा की
- श्रीकरणपुर दौरे पर रहे संभागीय आयुक्त और पुलिस महानिरीक्षक

श्रीगंगानगर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को लेकर देशभर में गुस्सा है। श्रीगंगानगर में बींझबायला कस्बे में कई सामाजिक संगठनों और संस्थानों ने धानमंडी में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। रोष प्रकट करते हुए उप तहसीलदार के मार्फत राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। बींझबायला में आवश्यक सेवाएं अस्पताल और मेडिकल और सब्जी विक्रेताओं की दुकानों को छोड़कर सब कुछ बंद रहा। दोपहर तक बाजार पूर्णतय बंद नजर आ रहा था।

सर्व समाज के लोगों ने आक्रोश प्रकट करते हुए उप तहसीलदार के मार्फत ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को उसकी भाषा में जवाब देना चाहिए और भारत को जल्द से जल्द पीओके को भी हासिल करना चाहिए। पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम कोई बड़ी कार्रवाई करेंगे।

बींझबायला में सर्व समाज के लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि आज यह बात साबित हो चुकी है कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने यह बात साबित कर दी है कि किस तरह से पर्यटकों को धर्म पूछकर उन्हें मारा गया। अब सरकार जो भी निर्णय लेगी देश की जनता भी उसके साथ है।

महाप्रभु की शोभा यात्रा निकाली

बीकानेर, (कासं)। श्रीवल्लभाचार्य प्राकट्योत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में महाप्रभु की शोभा यात्रा निकाली गई। रघुनाथसर कुएं पर स्थित गिरिराज मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा शहर के कई वैष्णव मंदिरों के आगे से निकली। यात्रा जहां-जहां निकली वहां बड़ी संख्या में भक्तों ने यात्रा पर पुष्प बरसाए।

पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक श्रीमद्वल्लभाचार्य के 548 वें प्राकट्य दिवस पर भागवताचार्य डॉ गोपाल नारायण व्यास ने अपनी पुस्तक 11वें ग्रन्थ 'श्री सिद्धगोपाल एवं गोपाल सुन्दरी साधना' का विमोचन किया। यह पुस्तक पुष्टिमार्ग के पंचम पीठ की आचार्य श्री विट्ठल नाथ के कर कमलों से विमोचित हुई। विमोचन को मौके पर पंडित राजेन्द्र किराडू, पंडित विजयशंकर रंगा, यदुनंदन व्यास, माधव व्यास, दिव्यांशु व्यास, रवि पुरोहित सहित वैष्णव जन उपलब्ध रहे। आचार्य श्री ने बताया कि पुष्टि मार्ग में सेवा और साधना दोनों का महत्व है। सेवा के लिए भाव व समर्पण की आवश्यकता होती है। वही साधना के लिए साधन की आवश्यकता होती है। व्यास ने अपने लेखन से अब तक कई प्रकार के साधन उपलब्ध करवाए है। उसी क्रम में यह पुस्तक भी युगल उपासना के लिए अद्वितीय है। किराडू ने बताया कि गोपाल नारायण निरन्तर भक्ति, साधना, ज्योतिष, व्याकरण भाषा आदि के विषय में अपने जीवन के अनुभूत प्रयोग तथा हस्तलिखित प्राचीन प्रमाणित ग्रन्थों से जन कल्याण में कई पुस्तकों का प्रकाशन किया है।

हीटवेव को लेकर अलर्ट

श्रीगंगानगर, (कासं)। यहां जिले में लगातार बढ़ते तापमान और पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिले में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी के तहत शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें हीटवेव से बचाव और आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय सिंगला ने निर्देश दिए कि जिले में चल रही भीषण गर्मी के चलते स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रखा जाए।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

संख्या 23 to 24-25-26

पंत्राक- 634-W/Const/Minor Bridge /KLYT Yard/2025 दिनांक- 25.04.2025

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 20.05.2025 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्या** : 23 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के अधीन कोलायत यार्ड में माईनर ब्रिज (1x3.0mx1.5m) का निर्माण करना एवं अन्य विविध कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य** : Rs. 7044418.51 **धरोहर राशि** : Rs. 140900.00 **निविदा संख्या** : 24 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के अधीन लालगढ़-कोलायत खण्ड के किमी. 43/5-6 पर माईनर ब्रिज (1x3.0mx1.5m) का निर्माण करना एवं अन्य विविध कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य** : Rs. 6385434.22 **धरोहर राशि** : Rs. 127700.00 **नोटः**- अन्य शर्ते रेलवे वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **480-CR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

बीकानेर के 40 बैंक खातों में हुई साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर

बीकानेर, (कासं)। यहां साइबर थाना पुलिस ने ठगों का ऐसा गिरोह पकड़ा है जो बैंक खाते उधार लेकर ठगी की रकम उनमें ट्रांसफर करवाता है और इसके बदले में खाताधारकों को 10 प्रतिशत कमीशन दिया जाता है। ऐसे 40 खाते हैं जिनमें तीन माह में ही एक करोड़ रूपए का ट्रांजेक्शन हुआ।

जिले के साइबर थाना पुलिस कर्मियों ने 1930 नंबर पर शिकायतों की छानबीन की तो सामने आया कि एक खाता ऐसा है जिसमें बार-बार रूपयों का ट्रांजेक्शन हो रहा है। दो-तीन माह में ही 8 से 10 लाख रुपयों का लेनदेन किया गया। शक होने पर इस एसबीआई के खाते की छानबीन की गई। पता चला कि यह खाता बीकाजी फैक्ट्री के पीछे महाराणा प्रताप कॉलोनी में रहने वाले लक्ष्मण सिंह का है। उससे पूछताछ की गई तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आई।

लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उसने अपना खाता नोखा के पारवा गांव निवासी श्यामसुन्दर बिश्नोई को उधार दे रखा है। बदले में बैंक खाते में जितनी भी रकम डाली जाती है, उसका 10 प्रतिशत मिलता है।

- खाताधारकों को मिलता है 10 प्रतिशत कमीशन, तीन माह में एक करोड़ रूपए का ट्रांजेक्शन

पुलिस ने श्यामसुन्दर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो साइबर ठगों का ऐसा गिरोह उजागर हो गया जो बैंक खाते उधार लेकर ठगी की रकम डालता है। बीकानेर में ऐसे करीब 40 बैंक खाते हैं जिनमें साइबर ठगी की रकम ट्रांसफर की जाती है। अब तक इन खातों में करीब एक करोड़ रूपए का ट्रांजेक्शन किया जा चुका है। पुलिस ने लक्ष्मण सिंह और श्यामसुन्दर बिश्नोई को गिरफ्तार कर लिया है। लक्ष्मण को कोर्ट में पेश दो दिन का रिमांड लिया गया है। श्यामसुन्दर को कोर्ट में पेश किया जायेगा। बैंक खाते उधार लेने वाले गिरोह के लोग और साइबर ठगों के बारे में पता लगाया जा रहा है। गिरोह का पता लगाने वाली टीम में साइबर थाना एसएचओ आरपीएस खान मोहम्मद, इंस्पेक्टर रमेश सर्वटा, एसआई विशु वर्मा, कांस्टेबल सुभाष, महेन्द्र, महेश, सुभाष, श्रीराम, मनोज, सीताराम, प्रदीप, रविन, जयपाल शामिल थे। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी तरह के धोखे या लालच में आए बिना किसी को भी अपनी निजी या बैंक खाते की जानकारी ना दें। साइबर फ्रॉड होने पर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। साइबर ठग 10 प्रतिशत कमीशन पर बैंक खाते उधार लेते हैं।

बीकानेर में फिर ओरेंज अलर्ट

बीकानेर,(कासं)। वैसे तो तापमान में कुछ गिरावट आने से राहत मिली है लेकिन एक बार फिर पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है। मौसम विभाग ने बीकानेर के लिए ओरेंज अलर्ट जारी करते हुए आम लोगों को धूप से बचने की सलाह दी है। बीते चौबीस घंटे में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा है तो आज ये 44 का आंकड़ा फिर से छू सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस रहा है जबकि न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसे में दिन और रात का पारा आशंका से कुछ कम है। बीकानेर में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। वहीं श्रीगंगानगर से सटे बीकानेर के क्षेत्र में पारा कुछ कम रहने की उम्मीद की जा रही है। खासकर लूणकरणसर, महाजन व अरजनसर क्षेत्र के लिए मौसम विभाग को ओरेंज अलर्ट नहीं है। पश्चिमी राजस्थान में ही तापमान बढ़ रहा है।

पहलगाम हमले में मारे लोगों को दी श्रद्धांजलि

बीकानेर, (कासं)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। वरिष्ठ नागरिक भ्रमण पथ पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कहा गया कि इस हृदय विदारक घटना ने सम्पूर्ण देश को झकझोर दिया है।

सभी वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि निर्दोषों को निशाना बनाना कायरता की पराकाष्ठा है। यह अमानवीय कृत्य घोर निंदनीय है। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक संतृप्त परिजनों को यह असीम पीड़ा सहन करने की शक्ति दें। मोमबत्ती रोशन कर व दो मिनट का मौन व्रत रखकर पहलगाम में मृत पर्यटकों श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया और कहा कि भारत इस मानवीय घटना को कभी भुला नहीं पायेगा। वरिष्ठ नागरिक भ्रमण पथ पर आने वाले नागरिकों ने आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निन्दा की।

- नागरिकों ने आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा की

इस अवसर पर कर्मचारी नेता बनवारी शर्मा, श्याम सिंह चारण, कैलाश चंद्र श्रीमाली, राजेश शर्मा, लालचंद भाटी, महेंद्र पारीक, चांद रतन शर्मा, श्याम राजपुरोहित, विनोद शर्मा, मनोज कश्यप, राजेन्द्र कुमार भार्गव, सुरेश राजपुरोहित, रामअवतार धुपड, बाबूलाल भाटी, लालचंद भाटी सरोजिनी शर्मा अन्नपूर्णा पारीक, सुधा ग्रोवर, राजेन्द्र शर्मा, भंवरदान, सहित युवा, महिलाओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। विश्व हिंदू परिषद नोखा ने शुक्रवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने उपखंड कार्यालय के बाहर पाक का पुतला दहन किया।

पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

श्रीगंगानगर,(कासं)। रीको क्षेत्र की फैक्ट्री में पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोपी को सदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी सुनील कुमार पुत्र गोपाल बहादुर को रीको इलाके से पकड़ा गया। सदर थाना प्रभारी सुभाषचंद्र ने बताया कि आरोपी मूलतया नेपाल का रहने वाला है। उसके साले विशाल परियार की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया गया है। आरोपी सुनील कुमार अपनी पत्नी सरिता के साथ पिछले दो साल से रीको स्थित शिव शक्ति फैक्ट्री में रहता था।

प्रारंभिक पूछताछ में सुनील कुमार ने पत्नी के चरित्र पर संदेह के चलते हत्या की बात स्वीकार की है। अन्य सभी पहलुओं को लेकर भी आरोपी से पूछताछ जारी है। गौरतलब है कि 21 अप्रैल की रात सुनील कुमार ने अपनी पत्नी को बेरहमी से पीटा था। इसे लेकर उसने अपने साले विशाल को फोन भी किया और सरिता को जान से मारने की बात कही। विशाल परियार मौके पर पहुंचा तो सुनील अपनी पत्नी की डंडे से पिटाई कर रहा था। विशाल और अन्य लोगों ने बुरी तरह से घायल और बेसुध सरिता को छुड़वाया और हॉस्पिटल लेकर गए।

- पत्नी के चरित्र पर संदेह के चलते हत्या की बात स्वीकार की

दवाईयों की खुली बिक्री पर रोक

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 का प्रयोग करते हुए जिले में विभिन्न दवाईयों की खुली एवं अनियंत्रित बिक्री पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है।

अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक देवेंद्र कुमार केदावत ने बताया कि नशे के रूप में उपयोग में ली जाने वाली औषधियां प्रेगाबलीन 75 एमजी, टेपेंटाडोल एवं ज्योपीक्लोन घटकयुक्त औषधियों को लोकहित को ध्यान में रखते हुए जिले में इन दवाओं की खुली एवं अनियंत्रित बिक्री पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। आदेशानुसार इन दवाओं को कोई भी दवा विक्रेता बिना क्रय-विक्रय बिल के बेचान नहीं करेगा।

पहलगाम हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला

सूरतगढ़, (कासं)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में सूरतगढ़ में देर शाम को कांग्रेसजनों ने कैंडल मार्च निकालकर रोष जताया।

विधायक डूंगरराम गेदर और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष परसराम भाटिया के नेतृत्व में यह कैंडल मार्च नेताजी सुभाषचंद बोस स्मारक से शुरू हुआ। कैंडल जलाकर कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार से महाराणा प्रताप चौक होते हुए भगतसिंह चौक तक मार्च निकाला। इस दौरान आतंकियों को फांसी दो और मृतकों के परिजनों को न्याय दो के नारे लगाये गए।

भगतसिंह चौक पर मार्च समाप्त होने के बाद हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। विधायक गेदर ने कहा कि आतंकवाद देश की एकता के लिए खतरा है और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इस अवसर पर बलराम वर्मा, नगर अध्यक्ष जे.पी. गहलोत, सतनाम वर्मा, भीम जोशी, साहबराम स्वामी, योगेश मेघवाल, मोहम्मद अली कादरी, अमर सिंह सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

- कांग्रेसजनों ने जताई मृतकों के प्रति संवेदना, व्यापारिक संगठन सहित सर्वसमाज आज विरोध जताएगा

दूसरी ओर पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध में सर्व समाज और व्यापारिक संगठनों ने भी शाम के समय करनाणी धर्मशाला में बैठक की। बैठक में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पूर्व विधायक अशोक नागपाल ने इस जघन्य घटना की निंदा करते हुए कैंडल मार्च के माध्यम से विरोध दर्ज करने का सुझाव दिया जिस पर सभी ने सहमति जताई। बैठक में निर्णय लिया कि देर शाम महाराणा प्रताप चौक पर कैंडल जलाकर रोष प्रकट किया जायेगा।

बाल-विवाह, चाइनीज़ मांझे के खिलाफ संदेश लिखी पतंगें वितरित

बीकानेर, (कासं)। अक्षय तृतीया अबूझ सावे पर बाल-विवाह रोकथाम एवं चायनीज मांझे से पतंग उड़ाने के खिलाफ जन जागरूकता अभियान के अन्तर्गत सामाजिक कार्यकर्ता भूरमल सोनी, समाज सेविका डॉ. अर्पिता गुप्ता, सीए निकिता, प्रणाम सोनी द्वारा तैयार की गई पतंगों का नि:शुल्क वितरण कर आमजन को संदेश दिया।

नगर स्थापना दिवस पर चाइनीज़ मांझे और बाल विवाह जैसी कुरीतियों एवं जल बचत तथा नशा मुक्ति संदेश लिखी करीब तीन सौ पतंगों का नि:शुल्क वितरण नागणेची मंदिर के पास स्थित पार्क में किया गया।

'चाईनीज मांझा मौत का पैग़ाम' 'छोटी उम्र में शादी-जीवन बर्बादी' बाल विवाह कलंक है, बच्चों के भविष्य की बर्बादी है' बाल-विवाह रोकें यह सामाजिक अभिशाप है तथा चाइनीज मांझा जानलेवा है इस्तेमाल वर्जित है।

अक्षय तृतीया पर बाल-विवाह रोकथाम एवं चायनीज मांझे से पतंग उड़ाने के खिलाफ जन जागरूकता अभियान के अन्तर्गत संदेश लिखी पतंगों का वितरण किया।

जल जिंदगानी है, पानी व्यर्थ बर्बाद न करें, नशा नाश का कारण, प्लास्टिक डोर, जीवन समाप्त की ओर चित्र व स्लोगन अंकित की गई पतंगों व पोस्टरों के जरिए सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संदेश दिया। बाल विवाह सामाजिक अभिशाप है रोकथाम के लिए कच्ची बस्तियों एवं नजदीक ग्रामीण क्षेत्रों में पोस्टर व पतंगों पर स्लोगन लिखकर इस कुरीति को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ अर्पिता गुप्ता द्वारा संचालित चेरिटेबल स्कूल के नन्हें बालक बालिकाओं, अभिभावक तथा मोहल्ले वासी ज्योति वर्मा, स्नेहा शर्मा, श्रष्टि शेखावत, कोमल सोनी, हेमंत सोनी, रोशन, प्रवीण, मुकेश, मिनाक्षी, कमल, सुष्मिता मौजूद थे।

- बाल विवाह जैसी कुरीतियों एवं जल बचत तथा नशा मुक्ति संदेश लिखी करीब तीन सौ पतंगों का निःशुल्क वितरण नागणेची मंदिर के पास स्थित पार्क में किया गया

वेयर हाउस झगड़े में ट्रक ड्राइवर घायल

हनुमानगढ़, (कासं)। यहां वेयर हाउस में हुई झड़प में ट्रक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना पीलीबंगा थाना क्षेत्र की है। पीड़ित ने इस संबंध में मामला दर्ज कराया है।

पुलिस के मुताबिक गगनदीप सिंह नाम का ट्रक ड्राइवर गेहूं से भरा ट्रक लेकर खोसेवाला वेयर हाउस पहुंचा था। उसके बाद कालासिंह और शेरूराम भी अपना ट्रक लेकर वहां आए। दोनों किसी बात को लेकर एक अन्य व्यक्ति से झगड़ने लगे। गगनदीप ने जब उन्हें झगड़ा करने से रोका तो शेरूराम ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान कालासिंह ने गगनदीप के सिर पर पक्की ईंट से हमला कर दिया। घायल गगनदीप ने अपने चचेरे भाई बलजीत सिंह को फोन कर घटना की जानकारी दी। बलजीत ने गगनदीप को पीलीबंगा के राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। पीलीबंगा पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 3425 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 25/04/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 13 के किला नं. 03 में भूखण्ड सं. 35 माप 30'-0'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री अनिकेत लीला पुत्र श्री विजय कुमार लीला निवासी 3-बी-43 जवाहर नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री अनिकेत लीला पुत्र श्री विजय कुमार लीला निवासी 3 बी 43 जवाहर नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 13 के किला नं. 03 में भूखण्ड सं. 35 माप 30'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 24-04-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 02, 09 में भूखण्ड माप 29'-0" गुणा 62'-6" फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री राहुल बंसल पुत्र श्री भवानी शंकर बंसल निवासी 31 के ब्लॉक, नियर टंडन लैब, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री राहुल बंसल पुत्र श्री भवानी शंकर बंसल निवासी 31 के ब्लॉक, नियर टंडन लैब, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 02, 09 में भूखण्ड माप 29'-0" गुणा 62'-6" फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा । न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा ।

RajKaj Ref No.: 14900128 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 24-04-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 36 के किला नं. 07, 14 में भूखण्ड माप 30-0" गुणा 50'-0" फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री हिमाशु कौशिक पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार कौशिक निवासी 76 बी ब्लॉक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री हिमाशु कौशिक पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार कौशिक निवासी 76 बी ब्लॉक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 36 के किला नं. 07, 14 में भूखण्ड माप 30-0" गुणा 50'- 0" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा । यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा ।

RajKaj Ref No.: 14900243 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 24.4.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री शंकर लाल निवासी वार्ड नं. 20, पुरानी सब्जी मण्डी, हनुमानगढ़ टाउन के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 51 किला नं. 07 भू.सं. ---- माप 15 इंटू 50 फीट, बापुनगर, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का पट्टा सं. 136 दिनांक 30.05.2000 को श्री योगराम पुत्र श्री हजारी लाल के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री सुरेश कुमार द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 17.5.2024 द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड का ऑनलाइन नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री शंकर लाल निवासी वार्ड नं. 20, पुरानी सब्जी मण्डी, हनुमानगढ़ टाउन द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1270 Rajkaj Ref. No. 14861151 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3836 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 2.4.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कैलाश पुत्र श्री भीखो निवासी म.नं. 17, गणगौर नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 21 किला नं. 18 भू.सं. सी-23 माप 25 इंटू 50 फीट, नेहरानगर, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का पट्टा सं. 6687 दिनांक 27.2.2009 को श्री रामप्रकाश पुत्र श्री बाबूलाल के नाम से जारी किया हुआ है।